# आइआइएम में सड़क, सुरक्षा बिजली और पानी पर मंथन

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

आइआइएम रांची में शनिवार को आधारभूत संरचना परियोजनाओं के रोडमैप विषय पर परिचर्चा हुई. मुख्य वक्ता प्रिंस वाटर हाउस कॉपर्स मुंबइ के निदेशक अमानुल्लाह अमन ने विद्यार्थियों को देश की मौजूदा बुनियादी ढांचे पर अपने विचार दिये. उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में देश में सड़क, सुरक्षा, गतिशीलता, बिजली और पानी जैसी समस्याएं बढ़ गयी हैं. वहीं देश बड़े स्तर पर पानी की समस्या से जूझ रहा है. देश के बुनियादी ढांचे व विभिन्न क्षेत्रों में सुविधाओं, समस्याओं और उनके समाधान की संभावनाओं पर विचार दिये. अमानुल्लाह अमन ने कहा कि कैसे देश में बुनियादी ढांचों के लिए परियोजनाएं विकसित की जाती हैं. इसमें सरकार, परियोजना डेवलपर, बैंकर और अन्य संकायों के योगदान पर चर्चा की. विद्यार्थियों को भविष्य की समस्याओं को हल करने के लिए बीएक्सटी पद्धति की जानकारी दीं. साथ ही विद्यार्थियों को बेहतर जीवन और बुनियादी ढांचे के निर्माण पर बेहतर काम करने की सलाह दी. इस मौके पर प्रो केएन सिंह आदि मौजूद थे.

Prabhat Khabar, 30.06.2019, Pg. 22